विश्व पाइल्स दिवस पर बना विश्व कीर्तिमान

एक साथ हुआ 290 पाइल्स रोगियों का ऑपरेशन

मुंबई। आचार्य महाश्रमण अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एवं विश्व पाइल्स दिवस के मौके पर रविवार, 20 नवंबर 2011 को 290 पाइल्स पीड़ितों का ऑपरेशन किया गया। राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों से आएं रोगियों का ऑपरेशन सुप्रसिद्ध डॉ. महेश संघवी के नेतृत्व में खारघर स्थित डॉ. जी.डी. पोल फाउंडेशन द्वारा संचालित वाई.एम.टी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पताल में किया गया, जिसे लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा।

यक पहला मौका है, जब किसी एक अस्पताल में एक दिन में इतने बड़े स्तर पर ऑपरेशन किये गये। इससे पहले एक अस्पताल में 136 पाइल्स रोगियों का ऑपरेशन किया गया था, जो लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज है। शिविर के आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाले श्री तुलसी महाप्रज्ञ फाउंडेशन के अध्यक्ष भीकमचंद नाहाटा ने बताया कि, 190 डॉक्टरों की टीम व सहयोगियों की मदद से अस्पताल में भर्ती किये गए सभी रोगियों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया। इस आपरेशन कैंप हेतु 412 पाइल्स पीड़ितों को परीक्षण के पश्चात ऑपरेशन योग्य पाया गया था, जिसमें से 290 रोगियों का राविवार, 20 नवंबर को तथा शेष रोगियों का सोमवार, 21 नवंबर को ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन कैंप का सम्पूर्ण खर्च जैसे रोगियों एवं उनके परिवार जनों का खाना एवं चिकत्सकीय खर्च आदि श्री तुलसी महाप्रज्ञ फाउंडेशन द्वारा वहन किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने में श्री तुलसी महाप्रज्ञ फाउंडेशन, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा- मुंबई, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम - मुंबई, सुराणा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, जीवन विज्ञान अकादमी, महिला मंडल एवं तेरापंथ युवक परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई।